


# किसानों ने पानी के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

बारिश कम होने के कारण फसल के लिए किसानों को पानी की कमी हो गई है। बिनौरी ग्राम के दर्जनों किसानों ने जलसंसाधन विभाग पहुंचकर एसडीओ मलैया को पानी छोड़ने के लिए ज्ञापन सौंपा है। किसानों ने बताया कि धान के पौधे पानी की कमी के कारण बढ़ नहीं रहे है। वहीं पर बारिश भी पर्याप्त रूप से नहीं हो रही है। ऐसे मे सिंचाई विभाग से नहरों से पानी देने की मांग को लेकर आज ज्ञापन सौंपा गया है। प्रभारी एसडीओ मलैया ने ज्ञापन लेकर पानी की समस्याओं का समाधान करने की बाते कहीं है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच खोजूराम



निशाद,दिनेश कुमार,तरूण यदु,ईश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### सोसायटियों से खाद गायब, किसान खुले बाजार से खरीदने के लिए मजबूर

# चक्काजाम की चेतावनी के बाद सोसायटियों में देर रात पहुंची खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

सहकारी सोसायटियों में पिछले 20 दिनों से खाद नही होने के कारण किसान मजबूरी में खुले बाजारों से उंचे दामों पर खाद खरीदने मजबूर हो रहे हैं। इस समस्या को लेकर क्षेत्र के किसान संघर्ष समिति ने 12 अगस्त एवं 16 अगस्त को दो बार तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में बैठक आयोजित की। किसानो ने खाद की समस्या को लेकर 19 अगस्त को मैनपुर नेशनल हाईवे लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह के सामने सुबह 10 बजे से चक्काजाम करने की चेतावनी दी है। साथ ही इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मैनपुर कार्यालय पहुंचकर गरियाबंद कलेक्टर के नाम ज्ञापन भी सौंपा था। सोमवार साप्ताहिक बाजार के दिन



किसान संघर्ष समिति मैनपुर द्वारा वाहन में बकायदा स्पीकर लगाकर गांव –गांव 19 अगस्त को चक्काजाम की मुनादी भी की जा रही है। दूसरी ओर चक्काजाम की चेतावनी के बाद प्रशासन द्वारा अब किसानों को मनाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। किसान नेताओं से चर्चा कर उन्हें आश्वासन दिया जा रहा है कि आज रात तक क्षेत्र के सहकारी सोसायटियो में खाद पहुंच जायेगी, चक्काजाम आंदोलन को स्थगित किया जाए। किसान संघर्ष समिति मैनपुर के अध्यक्ष टीकम सिंह कपिल, किसान नेता खेदु नेगी, प्रेमसाय जगत, सियाराम ठाकुर, छबि दीवान, रामकृष्ण ध्रुव, एलियाल बाघमार, गेंदु यादव, बलिराम ने बताया कि पहले तो बीज नहीं मिला। जिसके कारण किसानों को खुले बाजार से और ओड़िशा से धान और मक्का का बीज लाकर बोआई करना पड़ा है। अब जब किसानों को खाद की बेहद जरूरत है पिछले एक माह से मैनपुर, शोभा, बम्हनीझोला, गोहरापदर पूरे विकासखण्ड क्षेत्र के सहकारी सोसायटियों में खाद नहीं है। किसान यूरिया, डीएपी खाद के लिए परेशान हो रहे है प्रतिदिन किसान सहकारी सोसायटी जा रहे है लेकिन उन्हे खाली हाथ लौटना पड़ रहा है बीच में बहुत कम मात्र में खाद पहुंची थी। उसके बाद से सहकारी सोसायटियों से खाद गायब हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार किसानो द्वारा 19 अगस्त को चक्काजाम की चेतावनी के बाद मैनपुर में खाद से भरा ट्रक पहुंचा है। किसानों को आंदोलन स्थगित करने के लिए प्रशासन के स्थानीय अफसर मनाने के लिए लगे हुए है।









## खबर संक्षेप



### 70 लीटर अवैध शराब जब्त

**गरियाबंद।** कलेक्टर भगवान सिंह उईके के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में गरियाबंद जिले के आबकारी टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही लगातार की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि वृत्त गरियाबंद के अंतर्गत ग्राम बरबाहरा से लगे जंगल में सघन गश्त के दौरान कच्ची मदिरा विनिर्माण के संभावित स्थलों पर कार्यवाही कर जंगल में अलग अलग जगहों पर छिपा कर रखे 70 बल्क लीटर अवैध कच्ची मदिरा को बरामद किया गया। आबकारी विभाग द्वारा जप्त अवैध मदिरा को कब्जे में लेते हुए अज्ञात आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के यथा संशोधित अधिनियम 2011 की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबध्द कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। अज्ञात आरोपी की पत्तासाजी जारी है। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक कन्हैयालाल कुर्रे, नागेशराज श्रीवास्तव, आबकारी आरक्षक पिताम्बर चौधरी, वाहन चालक शैलेन्द्र कश्यप, गोवर्धन सिन्हा एवं कमलेश्वर पात्रे का विशेष योगदान रहा।

### कबड्डी प्रतियोगिता में कचना रायपुर की टीम ने मारी बाजी



**नवापारा-भेण्डरी।** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में भेण्डरी में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजित हुआ जिसमें 30 टीम भाग ली। कचना रायपुर की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसे 11,001 रूपए का नगद पुरस्कार दिया। द्वितीय पुरस्कार : चिगरौंद टीम को 7,001 रूपए ,तृतीय पुरस्कार भेण्डरी टीम को 5,001 रूपए,चतुर्थ पुरस्कार हसदा नं. 1 को 3,001 रूपए से पुरूस्कृत किया गया। संचालन अधिवक्ता छबिलाल साहू एवं व्याख्याता गीतराम यादव ने किया। निर्णायकों को भी उनकी निष्पक्ष भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता देखने बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। इस अवसर पर बजरंग दल अध्यक्ष संदीप यादव ,रामानंद साहू ने कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर दानदाताओं एवं ग्रामवासियो तथा सभी कबड्डी टीम के प्रतियोगियो का हृदय से आभार जताया।

### दही हांडी उत्सव 19 को

**अभनपुर।** सार्वजनिक दही हांडी आयोजन समिति अभनपुर के तत्वाधान मे प्रतिवर्ष की अनुसार भव्य दही हांडी उत्सव का आयोजन 19 अगस्त मंगलवार को ब्लॉक कॉलोनी मैदान मे रखा गया है। समिति के सदस्यो ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ रात 8 बजे से होगा दही हांडी उत्सव के विजेताओ के लिए विशेष पुरस्कार रखे गये है समिति ने नगर तथा आसपास के गांव के ग्रामीणो को कार्यक्रम मे शामिल होने की अपील की है।

### छुरा में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की हुई बैठक

**छुरा।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की जिला इकाई की एक बैठक छुरा में हुई, जिसमें फेडरेशन ने अपनी मांगों को लेकर 22 अगस्त को प्रदेश भर के सभी 33 जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन और आंदोलन करने का फैसला लिया। इस बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश के टी.ई. एकीकृत शिक्षक संघ के प्रांतीय सचिव सर्वेश कुमार शर्मा और गरियाबंद के जिला व ब्लॉक पदाधिकारी शामिल हुए।

### दो लाख रुपए प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** दावा निपटान आयुक्त एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा दुर्घटना में मृतक के परिजन को हुए अपहानि को दृष्टिगत रखते हुए दो लाख रूपए प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इनमें बालसी केंद्रीय विद्यालय के पास सरायपाली में टक्कर मारकर भागने मोटरयान सड़क दुर्घटना में वीरेंद्र नगर सरायपाली निवासी गुरुमुख सिंह सलूजा की मृत्यु हो गई थी।

**पर्व : यादव समाज द्वारा यादव सामूहिक भवन में श्री कृष्ण की मूर्ति स्थापित कर की गई सामूहिक पूजा**

# पटेवा में धूमधाम से मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ग्राम पटेवा में यादव समाज द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम यादव समाज द्वारा यादव सामूहिक भवन में श्री कृष्ण की मूर्ति स्थापित कर सामूहिक पूजा की गई। भक्तों के द्वारा अपने अपने घरों से लाए हुए पकवानों का भोग लगाया गया। शोभायात्रा निकालकर मंदिर परिसर का भ्रमण कराया गया, इस अवसर पर यादव समाज द्वारा समाज के नन्हें बालकों को कृष्ण एवं बालिकाओं को राधा रानी की वेशभूषा में सजा कर लाया गया एवं कृष्ण की धुन में रावत नाचा पूरे गाजा-बाजा के साथ नृत्य करते हुए भ्रमण किया। जो आकर्षण का केंद्र रहा। भगवान श्री कृष्ण पर आधारित भक्ति संगीत से पूरा ग्रामवासी कृष्ण भक्ति से झूम उठे। यादव समाज के प्रमुख डेरहा राम यादव ने कहा कि जन्माष्टमी भगवान श्री कृष्ण के जन्म का उत्सव है, यह भाद्र मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। यह त्यौहार न केवल एक धार्मिक उत्सव है बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व भी रखता है, इस दिन भक्तगण भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना करते हैं, व्रत रखते हैं, और उनके जन्म की खुशी में भजन कीर्तन करते हैं। अवधेश यादव ने कहा कि यादव समाज का एक अलग महत्व है जब तक दीपावली में घर-घर जाकर आशीर्वाद नहीं देंगे तब तक पर्व सार्थक नहीं होता आज के वर्तमान समय में युवाओं को नशापन और सोशल मीडिया के दुरुपयोग से दूर रहने की सलाह दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिलीप यादव ,मुनवा यादव, गोरधु यादव, इतवारी यादव, ऋषि यादव,भोजराम यादव ,लक्ष्मण यादव ,तारिणी यादव पंच, मिलन यादव, शेषनारायण यादव, भंवर यादव, घणाराम यादव ,मनु राम यादव ,दिनेश यादव, सूरज यादव एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

### मैनपुर के बाजार चौक में बालवीर विकास समिति ने धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर के बाजार चौक में बालवीर विकास समिति ने हर साल की तरह इस साल भी दही लूट और प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर ग्राम पंचायत मैनपुर की सरपंच हनीता नायक, उपसरपंच अनीश सोलंकी, यादव समाज मैनपुर के अध्यक्ष सुकराम यादव सहित कई गणमान्य लोगों ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दोपहर से ही प्रसाद वितरण शुरू हो गया, जिसमें हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। दही लूट प्रतियोगिता में भारी भीड़ देखने को मिली और लोगों में जबरदस्त उत्साह था। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विजेता टीम को 2,051 का नकद इनाम दिया गया। इस अवसर पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन बालवीर विकास समिति के संरक्षक गेंदु यादव ने किया। इस सफल आयोजन में शंकर नायक, भारत नागेश, तुलसी नायक, प्रह्लाद यादव, टिकेश्वर नायक, खिलेश्वर नायक, देवकुमार, मौसिम खान, भीखम यादव, रोहित बाल्मिक, योगेंद्र नायक, देवेंद्र राजपूत, लोकेश यादव, लक्की, जनक यादव, शुभम यादव, ममता यादव, मथुरा यादव, जयंती नायक, गोलू नायक, ठाकुरराम यादव, पुनीत यादव, दीपक यादव, बालमोतिन नायक, फुलमती ध्रुव, तीजन बाई पटेल, भोजेश्वर दुबे और बालवीर विकास समिति के अन्य सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### कृष्ण जन्माष्टमी पर मटका फोड़...



**नवापारा-राजिम।** नगर के सहाड़ा देव स्थल में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य मटका फोड़ एवं डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन यादव समाज द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रामा यादव ,तरुण यादव ,निर्माण यादव ,कौशल यादव ,दीपक यादव ,विजय यादव ,राज यादव ,कुणाल यादव ,आकाश यादव, महावीर यादव ,शुभ यादव ,मुन्ना यादव ,राजेश यादव सहित बड़ी संख्या में सामाजिक लोग एवं शहरवासी शामिल हुए।

## बारूला में सरपंच ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



ग्राम बारूला में शासकीय पूर्व माध्यमिक और प्राथमिक शाला के तत्वावधान में, शाला प्रबंध समिति और ग्रामीणों के सहयोग से स्वतंत्रता दिवस का पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम, सरपंच सुकदेव साहू ने ध्वज स्तंभ का धूप, दीप और फूलों से पूजन करने के बाद ध्वजारोहण किया। इसके बाद, बच्चों और ग्रामीणों ने मिलकर प्रभात फेरी निकाली और गांव का भ्रमण किया। इस अवसर पर बच्चों ने देशभक्ति गीत, भाषण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। स्वर्गीय महत्तर राम साहू और स्वर्गीय पतय्या बाई साहू की स्मृति में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कक्षा आठवीं में 70% से अधिक अंक लाने वाले 30 छात्रों में गायत्री यादव ने प्रथम, नीलम साहू ने द्वितीय और दिशा साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, कक्षा पांचवीं में लोमश कुमार साहू प्रथम, अंजलि साहू द्वितीय और मेघराज साहू तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर बीसी साहू थे, जो स्वयं इसी गांव के निवासी हैं। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि जीवन में आनंद पाने के लिए अपने भीतर के बचपन को हमेशा जिंदा रखना चाहिए। उन्होंने इच्छाओं के जाल से दूर रहने और हर काम को छोटा या बड़ा न समझकर ईमानदारी से पूरा करने का संदेश दिया। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि वे अपने शैक्षणिक कार्य पर गर्व करें, क्योंकि शिक्षादान से बड़ा कोई काम नहीं है। उन्होंने अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि वे भी कई पुरस्कार जीत चुके हैं, और इसी भावना से वे आज प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करने आए हैं। सरपंच सुकदेव साहू ने बच्चों से कड़ी मेहनत करने और एक अच्छा मुकाम हासिल करने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम में सरपंच सुकदेव राम साहू, उपसरपंच उत्तम सोनवानी, प्रधान शिक्षिका प्रेरणा श्रीवास, शिक्षिका लता ध्रुव, लक्ष्मीनारायण सेन, मोती ध्रुव, मन्नू राम ध्रुव, हीरामन साहू, रूखमणी साहू, कमलकांत सेन, हरिराम साहू, चंदू साहू, कुमार राम ध्रुव, अशोक साहू, जितेंद्र साहू सहित समस्त ग्रामीण, पंच सुनील निर्मलकर, ग्रामीण सचिव कमलेश साहू, कोषाध्यक्ष झाड़ु राम साहू और जय मां भवानी सेवा समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## संसाधन भत्ता कम, पटवारियों ने किया ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

राजस्व पटवारी संघ ने हड़ताल के दूसरे दिन राज्य शासन ने पटवारियों की मांग पर संज्ञान लेते हुए संसाधन भत्ता की स्वीकृति दी है। ऑनलाइन कार्यों के लिए 1100 रुपए इंटरनेट कनेक्शन व लेपटॉप उपयोग हेतु देने का आदेश भी दिया है। इन सबके बावजूद पटवारी संघ खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। पूर्व में पटवारी संघ के प्रतिनिधिमंडल का शासन स्तर पर चर्चा एवं विमर्श उपरांत 1350 रूपये प्रतिमाह संसाधन भत्ता प्रदान करने पर सहमति बनी थी लेकिन शासन ने अब मात्र 1100 रूपये देने के आदेश दिए हैं। शासन के इस रवैये पर नाराजगी जाहिर करते हुए राजस्व पटवारी संघ गरियाबंद के जिलाध्यक्ष गुलशन यदु ने कहा कि विगत दिनों जिन मांगों को लेकर प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन मिला था। अब सरकार उस आश्वासन से पीछे हट गई है। पूर्व में 250 रूपये स्टेशनरी भत्ता मिलता था वह भी अब बंद कर दिया गया है। ऑनलाइन कार्यों के संचालन हेतु 1100 रूपये संसाधन भत्ता एवं 250 रूपये स्टेशनरी भत्ता जोड़कर 1350 रूपये प्रतिमाह प्रदान करने की बात शासन की ओर से कही गई थी लेकिन वर्तमान में प्रसारित आदेश में स्टेशनरी भत्ता को समाहित करते हुए कुल मिलाकर 1100 रूपये देने की बात सामने आ रही है।

**अधिकांश कार्य होते हैं आनलाइन-** पटवारी संघ के अनुसार वह मैन्युअल कार्य तो करते रहेंगे किंतु ऑनलाइन काम नहीं करेंगे जबकि उनका ज्यादातर काम ऑनलाइन ही है। वर्तमान में राजस्व विभाग में अधिकांश कार्य ऑनलाइन किया जा रहा है और सारे अभिलेख ऑनलाइन हो चुके हैं। अभिलेखों का अद्यतन कार्य भी ऑनलाइन किया जा रहा है। पटवारी संघ का कहना है कि इन सभी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए पटवारियों के पास आवश्यक संसाधन जैसे कंप्यूटर,मोबाइल, इंटरनेट, सर्व सुविधायुक्त कार्यालय का अभाव है। जिसके कारण किसानों सहित अन्य कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

## सेंट जॉन्स स्कूल के छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुति दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



स्थानीय स्तर पर आयोजित आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम में सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल, कोसमबुडा के विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने आदिवासी संस्कृति, गीत और नृत्य पर आधारित मनमोहक प्रदर्शन किया। इस प्रस्तुति में पारंपरिक वेशभूषा और संगीत का बेहतरीन तालमेल देखने को मिला। मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों की इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और जड़ों से जुड़ने का अवसर देते हैं।

इस कार्यक्रम में यशस्वी साहू, ओजस्वी निर्मलकर, शुभांगी चंद्राकर, भावनी चंद्राकर, चारुलता साहू, रोमा यादव, साक्षी ध्रुव और सारिका कंवर जैसे छात्रों ने भाग लिया। इस सफल आयोजन में शिक्षकों, जिनमें कीर्ति यादव, राधा ध्रुव, विनीता देवांगन, दीप्ति तारक, अर्चना और किशोर कुमार सिन्हा शामिल थे, का विशेष योगदान रहा। विद्यालय प्रबंधन ने सभी बच्चों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने भविष्य में भी छात्रों को इसी तरह की सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## बालकदास की जंयती पर निकाली गई बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



गुरू बालकदास बाबा की जंयती के उपलक्ष्य मे सतनामी समाज अभनपुर परिक्षेत्र के तत्वावधान मे भक्तिन कुटी सतनाम भवन तक भव्य बाईक रैली निकाली गई। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि राजा गुरू बालकदास साहेब की अमर गाथा त्याग, तपस्या व साहस पीढ़ी दर पीढ़ी के लिए अनुकरणीय है उनके बताये मार्ग पर चलकर समाज को और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है गुरू परपंरा की यह जंयती केवल स्मरण तक नही बल्कि समाज सुधार व नई पीढ़ी के मार्गदर्शन का अवसर है। इस मौके पर विधायक ने एक पौधा गुरू बालकदास बाबा के नाम से रोपा गया। कार्यक्रम मे परिक्षेत्र सतनामी समाज अध्यक्ष राधाकृष्ण टंडन,जनपद अध्यक्ष श्रीमति चंन्द्रिका जितेन्द्र बंजारे, मुकेश ढीढी,बलविंदर गांधी,नीलकमल गिलहरे,त्रिवेन्द्र टंडन,जितेन्द्र बंजारे,आसकरण गिलहरे,बीरबल टंडन,मीना साहू,चंपा लेदेकर,रूपनारायण साहू,भोज बघेल,अखिलेश निराला,रतनलाल गिलहरे,टुकेश बांधे,मुन्ना बांधे,अमरदास,कमलेश धृतलहरे, भूपेन्द्र महिलांग,पिन्टू गिलहरे,नवीन बांधे,नंद बंजारे,रंजीत भारती,पप्पू ओगरे,नान्हे धृतलहरे,आशीष जोशी,बिसहत कोसले,विष्णु मिर्चे,राजेन्द्र भारती,लाला महिलांग,गुलाब भारती,छन्नू बघेल आदि बड़ी संख्या मे समाज के लोग कार्यक्रम मे सम्मिलित रहे।

**छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष में मरौदा में फिल्म फेस्टिवल**

## राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ी फिल्मों का किया गया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



वर्ष 2000 में भारत का 26वां राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ ने अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजकर विकास के लक्ष्यों को हासिल कर देश में एक विशिष्ट पहचान बनाई है। राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ में रजत जयंती वर्ष 2025-26 का वृहद आयोजन शुरू हो गए हैं। विभिन्न विभाग 15 अगस्त से राज्य की उपलब्धियों, संस्कृति, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, कृषि, महिला सशक्तिकरण आदि क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी के तहत आज संस्कृति विभाग के सानिध्य में जनपद पंचायत गरियाबंद के ग्राम पंचायत मरौदा में छत्तीसगढ़ी फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य निर्माण की महत्ता बताते हुए टीवी स्क्रीन में छत्तीसगढ़ी भाषा में बने फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। इसमें मोर छईयां भुंईहा, मोर संग चलव, झन भुलव मां बाप ला आदि फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। फिल्म फेस्टिवल में मरौदा सहित आसपास के ग्रामीणों ने भी आकर छत्तीसगढ़ी बोली एवं भाषा से संबंधित फिल्मों का अवलोकन किया। साथ ही छत्तीसगढ़ी सभ्यता एवं संस्कृति के संबंध में जागरूक हुए। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ रजत वर्ष का महाअभियान 31 मार्च 2026 तक चलेगा। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। रजत जयंती वर्ष आयोजन अंतर्गत कार्यक्रमों में युवा, महिला, किसान सहित समस्त नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। रजत जयंती वर्ष के आयोजन का उद्देश्य राज्य की उपलब्धियों को प्रदेश के कोने-कोने तक पहुंचाना है। साथ ही वर्ष 2050 के भावी छत्तीसगढ़ के निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित करना है। रजत जयंती वर्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के केन्द्र बिन्दु गरीब कल्याण, युवा सशक्तिकरण, अन्नदाता एवं नारी सशक्तिकरण होंगे। प्रत्येक विभाग 25 वर्षो की यात्रा को प्रदर्शित करते हुए एक विशेष सप्ताह का आयोजन करेंगे। यह आयोजन वार्ड, पंचायत, विकासखण्ड एवं जिला स्तरीय पर आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों सहित योजनाओं के लाभार्थी, आम नागरिक, महिलाओं, स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों किसानों, श्रमिकों, भूमिहीन मजदूरों एवं उद्यमियों को विशेष रूप से शामिल किया जायेगा। रजत जयंती वर्ष के दौरान छत्तीसगढ़ी फिल्म फेस्टिवल, फूड उत्सव, शिल्प मेला, कलांजलि, लोकनृत्य महोत्सव, देशभक्ति गीत महोत्सव, पुस्तक वाचन दिवस, बाल पंचायत प्रदर्शनी, पोषण मेला, महतारी सम्मेलन, मेगा हेल्थ कैम्प, टीकाकरण अभियान, सेमीनार, जॉब फेयर, प्रवासी छत्तीसगढ़ सम्मेलन, फिट छत्तीसगढ़ चौलेंज, कवि सम्मेलन, युवा महोत्सव, पतंग उत्सव, विशेष ग्रामसभा, स्वच्छता सप्ताह, रंगोली, निबंध, भाषण प्रतियोगिता, हर्बल मेला, किसान मेला, हर घर तिरंगा अभियान, सुशासन सप्ताह, संविधान दिवस, सड़क सुरक्षा माह, रक्तदान शिविर, क्रियेटर मीट, साइन लैंगवेज डे, वरिष्ठ नागरिक सम्मान सम्मेलन, चावल उत्सव, गंगरेल उत्सव, महानदी उत्सव, इंद्रावती उत्सव, जनजातीय गौरव दिवस एवं शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार जैसे विभिन्न आयोजन किए जाएंगे।

## भसेरा सोसायटी में ईश्वर साहू ने फहराया तिरंगा



**फिंगेश्वर।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर ग्रामीण सेवा सरकारी समिति भसेरा में सोसायटी अध्यक्ष ईश्वरलाल साहू ने तिरंगा फहराया किया। इस अवसर पर राष्ट्रगान के पश्चात अध्यक्ष सहित नागरिकों ने तिरंगे को सलामी दी। ईश्वर साहू ने उपस्थित नागरिकों को 15 अगस्त के महत्व के बारे मे विस्तार से बताया एवं वीर शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में नारायण साहू,हेमंत साहू,रमेश साहू,राजेश्वर साहू,गजेंद्र साहू,मुकेश साहू,घनश्याम साहू,माया राम साहू,केजउ निषाद,सत्यवान साहू, भीखम साहू,मानसिंह साहू,रमेश साहू,महेश साहू,पमेंद साहू,तामेंश्वर साहू,टेमनसाहू,लोकेश्वर साहू,चंद्र हास साहू एवं समिति प्रबंधक सतीश वर्मा तथा समस्त कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**



### फिंगेश्वर की अन्नपूर्णा कॉलोनी में धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी

**फिंगेश्वर।** अन्नपूर्णा कॉलोनी में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। सुबह से ही पूरा क्षेत्र भक्ति और उत्साह से सराबोर था। महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से झांकियां सजाईं और बच्चों ने कृष्ण लीलाओं की सुंदर प्रस्तुति दी। शाम को श्री कृष्ण जन्म की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। राधा-कृष्ण के रूप में सजे बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। भजन-कीर्तन के साथ /"नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की/" के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। मध्यरात्रि में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के बाद माखन-मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया।

इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार गणेश यदु मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। परसदाकला के प्रधान पाठक लेखराम साहू ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि गुंडरदेही के व्याख्याता खुमान सिंह ध्रुव और मोहन सिंह राजपूत विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम का सफल आयोजन समिति के अध्यक्ष युवराज यदु, उपाध्यक्ष योगेश पराना, कोषाध्यक्ष देवेंद्र साहू, सांस्कृतिक सचिव खेलावन राम साहू, मीडिया प्रभारी खिलेश साहू, राजू साहू, संयोजक नंदकुमार गोयल, अनिल बर्रे, सूरज साहू ने भाग लिया।

### राजिम में 21 को होगा पोला महोत्सव

**राजिम।** पोला त्योहार के अवसर पर राजिम नवयुवक मंडल-छत्तीसगढ़ बेरोजगार संघ द्वारा 21 अगस्त को पोला महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ की परंपरा और पारंपरिक खेलों को बढ़ावा दिया जाएगा। बेरोजगार संघ के सदस्यों ने बताया कि इस महोत्सव में विभिन्न पारंपरिक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें आकर्षक नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। विजेता प्रतिभागियों को शील्ड, मेडल और कप योगेंद्र राजपूत द्वारा उनके माता-पिता की स्मृति में प्रदान किए जाएंगे। आयोजक बेरोजगार संघ ने सभी युवाओं और महिलाओं से इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अनुरोध किया है।

### बिरकोनी में कृष्ण जन्मोत्सव की रही धूम

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर बालक-बालिकाओं ने प्रतियोगिता का आयोजन किया। शुक्रवार और शनिवार रात में महिलाएं व बच्चों ने कृष्ण जन्मोत्सव पर पूजा अर्चना की गई। मेन रोड के पास नन्हे मुन्ने बच्चों ने कृष्ण-राधा झांकी के साथ रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। शिव मंदिर वार्ड में मटका फोड़ के साथ धार्मिक आयोजन हुआ। खल्लारी पारा में बच्चों के कृष्ण-राधा की आकर्षक झांकियां सजाई गई। इस दरमियान भक्त दर्शन के बाद जयकारे लगाए।

**पर्व : गांधी चौक में विधायक इंद्रकुमार ने किया ध्वजारोहण, दी सलामी**

# आजादी के नायक वीर शहीद है जिनकी बदौलत देश को आजादी मिली है : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर के हृदय स्थल गांधी चौक में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू विशेष अतिथि नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, नवापारा भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, सीएमओ लवकेश पैकरा एवं पार्षदगण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू ध्वजारोहण कर कहा कि आजादी के नायक वीर शहीद है। जिनके बदौलत देश को आजादी मिली है। उन सभी महापुरुषों को नमन करता हूं। देश में आजादी के बाद से जनता को अधिकार प्राप्त हुए है। शासन द्वारा जनहित में बहुत सी योजनाएं चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का सर्वांगीण विकास हो रहा है। छत्तीसगढ़ की मातृशक्ति को आर्थिक मजबूती प्रदान करने के लिए महतारी वंदन योजना चलाए जा रहे है। जिसका प्रत्यक्ष लाभ छत्तीसगढ़ की माताओं बहनों को मिल रहा है।

**नपा अध्यक्ष ने दी निर्माण कार्यों की जानकारी**- नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने कहा कि नगर पालिका नवापारा को स्वच्छता के लिए राज्य स्तरीय उत्कृष्ट सम्मान प्राप्त हुआ है। जिसके लिए उन्होंने नगरवासियों, नगर पालिका कर्मचारी, स्वच्छता दीदियों एवं सफाई कर्मियों का आभार जताया। नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने बताया कि नवापारा नगर में प्रथम चरण में 131 प्रधानमंत्री आवास एवं द्वितीय चरण में 161 प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुल 292 गरीब परिवारों के पक्के मकानों का निर्माण होगा। अध्यक्ष ओमकुमारी साहू ने कहा कि विधायक श्री साहू के अथक प्रयास से शहर को 8 आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है। आगामी दिनों में सर्वसुविधायुक्त 8 आंगनबाड़ी भवन का निर्माण होगा। शहर में पालना घर स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है। आगामी दिनों में कामकाजी माताओ को अपने बच्चों के लिए पालना घर की सुविधा मिलने लगेगी। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के अवसर पर नगर के प्रबुद्धजन, विभिन्न स्कूलों के स्कूली छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण, नगर पालिका परिषद के कर्मचारी गण एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।





### स्वतंत्रता दिवस पर एकलव्य विद्यालय के शिक्षकों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान



**छुरा।** भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस परेड ग्राउंड, गरियाबंद में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसामबुड़ा, छुरा के दो शिक्षक रजत पाल, पीजीटी भौतिकी एवं राहुल यादव, टीजीटी गणित को उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि दयाल दास बघेल, माननीय मंत्री, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, छत्तीसगढ़ एवं जिला कलेक्टर बी. एस. उईके ने संयुक्त रूप से प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान कर दोनों शिक्षकों को सम्मानित किया। रजत पाल को कक्षा 11वीं और 12वीं में भौतिकी विषय के कुशल एवं प्रभावी अध्यापन, सत्र 2024-25 में 12वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम दिलाने तथा विद्यालय संचालन में सक्रिय योगदान के लिए यह सम्मान प्राप्त हुआ।

राहुल यादव को गणित विषय के रोचक एवं परिणामोन्मुख शिक्षण के लिए, जिसके परिणामस्वरूप सत्र 2024-25 में 10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता मिली, यह सम्मान प्रदान किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने दोनों शिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत, निष्ठा और लगन के कारण विद्यालय न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में बल्कि सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी निरंतर नई ऊंचाइयां प्राप्त कर रहा है।

## खुटेरी में सरपंच बेनी शंकर ने किया ध्वजारोहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुटेरी में 79 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शाला प्रांगण में सरपंच खुटेरी बेनी शंकर साहू ने ध्वजारोहण किया। इस के साथ ही बच्चो द्वारा प्रभातफेरी निकाला गया ततपश्चात गीत कविता भाषण और सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हूई।इस अवसर पर गत वर्ष उच्चतम अंक अर्जित करने वाले छात्रों प्रशस्ति पत्र ,मेडल व मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। जिसमें कक्षा 12वी बोर्ड में प्रथम पुष्पेंद्र कुमार बघेल ,द्वितीय नेहा निर्मलकर , कक्षा10वी में आयुष साहू डायमंड, देविका कुणाल, नीलिमा वर्मा ,वल्लभ वेदभूषन, 8वी में कु धारणा साहू ,5वी में दिव्यांश साहू ,सागर निषाद ,भामावती सेन ,का सम्मान किया गया। ग्राम पंचायत के सरपंच बेनीशंकर साहू ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा भविष्य में और अधिक अंक अर्जित करने कड़ी अभ्यास करें मन लगाकर पढ़े जिससे घर परिवार,शाला तथा ग्राम का नाम रोशन हो । उक्त कार्यक्रम में सरपंच बेनीशंकर साहू शाला विकास समिति के अध्यक्ष द्वारिका साहू ग्रामीण अध्यक्ष चितरंजन उपसरपंच ढालचंद, प्रहलाद, लेखन सेन, येनसिंग, रमऊ, गयाराम, चिंताराम, भारत, दौलत, उदेराम, लेखु, पंचायत सचिव नुतन साहू,बिसेलाल, श्रीमति टिकेश्वर, अनपूर्णा, लक्ष्मी, सुनीता, लता, फुलेश्वरी,विद्यालय के प्राचार्य याचना जोशी शिक्षक शिक्षिकायें छात्र छात्राये एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता दिवस पर एनसीसी कैडेट्स ने किया पौधा रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम




स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जहाँ देशभर में तिरंगा लहराया जा रहा था, वहीं 27 छत्तीसगढ़ बटालियन एन सी सी रायपुर के कमान अधिकारी कर्नल सौरभ कुमार एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्नल प्रदीप नायर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में पं. रामबिशाल पाण्डेय सेजेस, राजिम के एनसीसी सागर शर्मा के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स ने इस दिन को पर्यावरण संरक्षण के नाम समर्पित कर एक अनूठी मिसाल पेश की जिसके अन्तर्गत विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में कैडेट्स ने अनेक पौधों का रोपण किया और उनकी देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरूआत तिरंगे को सलामी देने के साथ हुई, जिसके बाद प्रभात फेरी के माध्यम से देशभक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। इसके उपरांत कैडेट्स ने प्राचार्य, शिक्षकगण और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया। पौधों में पीपल,अशोक और अमरूद जैसे छायादार व औषधीय प्रजातियों को प्राथमिकता दी गई एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा ने इस अवसर पर कहा,-"स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ केवल देश को बाहरी खतरों से बचाना ही नहीं, बल्कि उसकी भूमि, वायु और जल को भी सुरक्षित रखना है। ये पौधे आने वाले वर्षों में हमारी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वायु और हरियाली का उपहार देंगे। इस अवसर पर उपस्थित शाला विकास समिति अध्यक्ष सुजाता शर्मा, प्राचार्य संजय एक्का एवं शाला प्रबंधन समिति सदस्यों सहित शिक्षकों ने छात्र सैनिकों के इस अभियान की सराहना करते हुए अनुकरणीय प्रयास बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी कैडेट्स और उपस्थित लोगों ने एक स्वर में प्रतिज्ञा ली कि हम हर वर्ष कम से कम एक पौधा लगाएंगे और उसकी रक्षा करेंगे।

## पंचायत रानीपरतेवा में मनाया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा।

ग्राम पंचायत रानीपरतेवा में सरपंच हेमलाल नेताम ने ध्वजारोहण किया। हेमलाल केसरी नेताम के कार्यकाल का लगातार यह 11वर्ष रहा, जहां ग्राम पंचायत रानीपरतेवा के प्रागंण में सभी ग्राम वासियों के उपस्थिति में ऐतिहासिक रूप से पूरे हर्षोउल्लास के साथ आजादी के पर्व को मनाया गया। 15 अगस्त को सुबह 7.30 बजे से ही ग्राम के विभिन्न संस्थाओं में एवं विद्यालय के सभी संस्था प्रमुख, और विद्यार्थीयों के साथ ध्वजारोहण करना प्रारंभ हुआ जो हायरसेकंडरी स्कूल में सर्व प्रथम रामप्रसाद शांडिल्य अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति ने किया। वहीं उपस्वास्थ्य केन्द्र रानीपरतेवा का ध्वजारोहण प्रहलाद यदु पूर्व कृषि सभापति जनपद पंचायत छुरा, तिरंगा कलस्टर संगठन में अध्यक्ष ने आयुर्वेद वेलनेस सेंटर में डॉ. ऐश्वर्या साहू और गांधी चौक में पंकज निर्मलकर जनपद सदस्य जनपद पंचायत छुरा ने तिरंगा फहराया ,चांदनी ग्राम संगठन में पुष्पा ध्रुव अध्यक्ष, अटल चौंक, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में सीता राम दीवान अध्यक्ष, प्राथमिक शाला में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, कन्या शाला में चेतन सिन्हा शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष , सरस्वती शिशुमंदिर में आचार्य हूमेश्वर राजपुत, सतनामीपारा रानीपरतेवा में सोहद्रा बाई साहू व ग्राम के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में शान से ध्वजारोहण कर शांति व भाई चारे के साथ मनाया गया और एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए 15 अगस्त के ध्वजारोहण कार्यक्रम में समस्त विद्यालयों से छात्र-छात्राएं व शिक्षक शिक्षिकाएं ग्राम पंचायत के उप सरपंच समस्त पंच पदाधिकारी गण, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष और सभी पदाधिकारीगण व गणमान्य नागरिकों एवं समस्त ग्रामवासी सम्मिलित हुए।





## मुढ़ीपानी में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

आजादी का राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त के पर्व ग्राम पंचायत मुढीपानी में धूमधाम से मनाया गया। सुबह 5 बजे से अमर शहीदों के बलिदान के गीतों से गांव में गूंज रहें थे।हर एक भारतीयों को आजादी की 79 वा वर्षगांठ मनाने की उत्सुकता हर घर तिरंगा हर दिल तिरंगा, गुन गुनाता जुबान तिरंगा। स्कूलों, चौक, चौराहों और पंचायत में लहराता तिरंगा, महापुरुषों के बलिदान से सींचा विजयी विश्व तिरंगा। इस कार्यक्रम की शुभारंभ ग्राम पंचायत मुढीपानी के सरपंच लता नागेश ने ग्राम पंचायत में, माध्यमिक शाला पर पंच पुनित राम ध्रुव, प्राथमिक शाला जिडार में पंच सुमित्रा बाई, कछारपारा स्कूल में अमरसाय मरकाम, कनफाड में ग्राम पटेल धरमसिग सहित सभी जगहों पर जनप्रतिनिधि और ग्राम प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात नन्हे मुन्ने, छात्र-छात्राओं ने भारतीय स्वतंत्रता सेनानी रानी लक्ष्मीबाई, महात्मा गांधी, सेनापति बापट, बाल गंगाधर तिलक, माधवराव सप्रे, मंगल पांडे, सरदार वल्लभ भाई पटेल, चंद्रशेखर आजाद की वेशभूषा में हिस्सा लिया। बच्चों द्वारा गांव की गलियों में प्रभातफेरी निकाली गई। 15 अगस्त के पावन पर्व पर पंचायत द्वारा आश्रित सभी स्कूलों में प्रयास विद्यालय, नवोदय विद्यालय एवं एकलव्य विद्यालय के बच्चों को स्टडी गाइड सरपंच, उपसरपंच और पंचगण के हाथों प्रदान किया गया। इस मौके पर सरपंच लता नागेश ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कदम से कदम मिलाकर हम सभी भी देश सेवा अपने आप से अपने घरों से, विद्यालय से स्वच्छता हो,किसी की मदद हो,नशे से दूर करना हो, यातायात के नियमों का पालन करके देश सेवा में अपना बहुमूल्य योगदान कर सकते हैं। इसी कड़ी में उपसरपंच सीमा गुप्ता कहा कि हमारे देश तीव्र गति से विकास कर रहा है। हम उन शहीदों को नमन करते हैं, जिनकी बदौलत आज हम चैन से सो रहे हैं। ये तिरंगा झण्डा हमारी आन बान और शान है। सुबह से बारिश ने त्रस्त कर दिया, किन्तु राष्ट प्रेम जोश, जुनून को परास्त नहीं कर पाया। इस मौके पर सभी स्कूलों के छात्र-छात्राओं, शिक्षक शिक्षिकाए, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ग्राम के पंचगण, ग्राम प्रमुख व ग्रामवासी उपस्थित थे।



**एसडीएम की मध्यस्थता से सुलझा विवाद, 24 दिन के अंदर लंबित राशि भुगतान का वायदा**

# कुण्डेल भाठा धान संग्रहण केंद्र में ठेकाकर्मियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

गरियाबंद जिले के एकमात्र धान संग्रहण केंद्र कुण्डेल भाठा में ठेका कर्मियों ने अपनी भविष्य निधि राशि जमा न होने के विरोध में एक बार फिर काम बंद कर दिया। प्रदर्शनकारी सुबह से ही केंद्र के मुख्य द्वार पर बैठकर नारेबाजी करने लगे, जिससे कामकाज पूरी तरह ठप हो गया।ठेका कर्मियों और प्रबंधन के बीच यह विवाद दिसंबर 2024 से चल रहा था। कर्मचारी कई बार सांकेतिक हड़ताल और विरोध प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन हर बार लिखित समझौते के बाद भी उनकी मांग पूरी नहीं हो रही थी। चार दिन पहले ही, कर्मियों ने जिला विपणन संघ अधिकारी, केंद्र प्रभारी और ठेकेदार को चेतावनी देते हुए एक पत्र सौंपा था, जिसमें 17 अगस्त तक जून 2024 से जून 2025 तक की 13 महीने की भविष्य निधि राशि जमा करने की मांग की गई थी। ठेकेदार संदीप कोटक के अनुसार, नियत तिथि तक केवल तीन महीने की राशि ही जमा हो पाई। इसके बाद, 18 अगस्त को सुबह 9 बजे से 114 ठेका कर्मी धरने पर बैठ गए, जिससे जिले के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए, जिला विपणन अधिकारी अमित चंद्राकार और ठेकेदार प्रतिनिधि संदीप कोटक सुबह 7 बजे ही केंद्र पहुंचे, लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद, कलेक्टर भगवान सिंह के निर्देश पर अपर कलेक्टर और फिंगेश्वर तहसीलदार अंजलि खलको ने भी कर्मचारियों से बात की, लेकिन उनके बातचीत करने के तरीके से कर्मी और भड़क गए और ट्रकों को अंदर जाने से रोक दिया। पुलिस अधिकारी सुरेश निषाद और चिंता राम देशमुख ने भी समझाने की कोशिश की और कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी, लेकिन श्रमिक अपनी मांगों पर अड़े रहे। मामले को बिगड़ता देख, अनुविभागीय अधिकारी राजिम, विशाल राणा, कुण्डेल धान केंद्र पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों के पांच प्रतिनिधियों को बुलाया और जिला विपणन अधिकारी अमित चंद्राकार और ठेकेदार संदीप कोटक के साथ चर्चा की। कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें जून 2024 से जून 2025 तक की भविष्य निधि राशि में से केवल तीन महीने का ही भुगतान मिला है। इस पर एसडीम ने विपणन अधिकारी और ठेकेदार से बाकी राशि के भुगतान की समय-सीमा पूछी। ठेकेदार ने बताया कि 18 अगस्त को तीन महीने की राशि जमा कर दी गई है और अगले एक सप्ताह में तीन महीने की और राशि जमा कर दी जाएगी। शेष राशि 24 दिनों के भीतर शासन से फंड आने पर तुरंत दे दी जाएगी।



**ये रहे मौजूद**

इस दौरान एसडीम विशाल राणा, तहसीलदार अंजलि खलको, टीआई गौतम धौवड़े, डीएमओ अमित चंद्राकार, तहसीलदार मयंक अग्रवाल, खाद्य अधिकारी अरविंद दुबे, पुलिस विवेचक एसआई सुरेंद्र निषाद, एसआई चिंता राम देशमुख, हवलदार संकल्प साहू, आरक्षक यादराम ध्रुव, किशोर साहू, प्रीतम साहू, पिंकी ध्रुव, ठेकेदार संदीप कोटक, सरपंच गज्जू सिन्हा, पंचायत सचिव बुद्धेश्वर साहू और क्षेत्र के कई वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित थे।



## अच्छी फसल की कामना के लिए भैंसासुर देवता और खार पूजा



**नवापारा-भेण्डरी।** गांव की खुशहाली और अच्छी फसल की कामना के लिए भैंसासुर देवता का पूजन, सत्यनारायण कथा और खार पूजा का आयोजन किया गया। इस पूजा में ग्रामीण विकास समिति के अध्यक्ष नीलकंठ सिन्हा, पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन, आनंद पटेल, कामता साहू, चुनुराम साहू, चंद्रहास साहू, शिव साहू और बैगा संतराम साहू के साथ दिलीप साहू शामिल हुए।

## खबर संक्षेप



### मिट्टी के पोरा और नंदिया बैला बिकने पहुंचे बाजार

**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध पारंपरिक लोकपर्व पोला का त्यौहार नजदीक है जिसके चलते आज मैनपुर सप्ताहिक बाजार में नंदिया बैला पहुंचा कुम्हार समाज के लोग मिट्टी के नंदिया बैला एवं खिलौना बनाते है जिसे बिक्री करने के लिए आज मैनपुर बाजार लगाया गया था। बाजार में नंदिया बैला की जमकर खरीदी बिक्री हुई मिट्टी के बने नंदिया बैला की पूजा अर्चना के साथ ही बच्चे खेलते है नंदिया बैला की जोड़ी पिछले साल की अपेक्षा 50 और 60 रूपये में बिक रहा है।

### उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया स्वच्छता मित्रों का सम्मान



**अभनपुर।** ग्राम कन्हेरा में स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे स्वच्छता मित्रों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। सम्मान समारोह में सरपंच भानुप्रताप साहू ने स्वच्छता कर्मी रेशमी साहू, द्रोपती साहू, सरिता साहू, मंजू साहू, दुलारी साहू, पूर्णिमा निषाद, पोलेश्वरी साहू को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सरपंच श्री साहू ने कहा, गांव को स्वच्छ बनाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। जब गांव स्वच्छ होगा, तभी गांववासी स्वस्थ रहेंगे और संपूर्ण ग्राम विकास संभव होगा। इस दौरान हीरामन निषाद, कृष्ण कुमार साहू,उर्वशी साहू, रिखी राम साहू, धर्मेंद्र वर्मा, गीता निषाद शकुंतला साहू गुंजन साहू अन्य लोग उपस्थित रहे।

### लोकेश चंद्राकर बने चंद्रनाहु कुर्मी समाज छुरा उपक्षेत्र के नए अध्यक्ष

**छुरा।** सोमवार को सामुदायिक भवन में आयोजित चंद्रनाहु कुर्मी समाज की आमसभा में उपक्षेत्र स्तर पर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से लोकेश चंद्राकर को समाज का नया अध्यक्ष चुना गया।



सभा में अध्यक्ष पद के लिए कई नाम प्रस्तावित किए गए थे, लेकिन समाज के वरिष्ठ सदस्यों और अन्य लोगों की सहमति के बाद लोकेश चंद्राकर के नाम पर अंतिम मुहर लगी। उनके चुनाव का स्वागत तालियों की गड़गड़ाहट से हुआ। अध्यक्ष चुने जाने के बाद लोकेश चंद्राकर ने समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा, /"यह मेरे लिए सम्मान की बात है और एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। मैं समाज की एकता, शिक्षा, युवाओं के मार्गदर्शन, रोजगार के अवसर तलाशने और हमारी संस्कृति को बनाए रखने के लिए लगातार काम करता रहूंगा।

**पर्व :** नगर अध्यक्ष महेश यादव ने आंख में पट्टी बांधकर फोड़ी मटकी

# प्रतिभाओं की कमी नहीं, बस उभारने की है जरूरत : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

पटेल पारा में युवा बाल समिति, मोहल्लेवासियों और पार्षद जानकी पटेल द्वारा आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी समारोह में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण की सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना और भव्य आरती भी की गई। मटका फोड़ कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने आंख पर पट्टी बांधकर किया। इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, पूर्व पार्षद भुखन पटेल, बजरंग दल प्रमुख पुरुषोत्तम दुबे और सभापति भारत यादव भी मौजूद थे। मुख्य अतिथि महेश यादव ने मोहल्लेवासियों की सराहना करते हुए कहा कि वे छत्तीसगढ़ के हर तीज-त्योहार और परंपरा को बहुत अच्छे से मनाते हैं। उन्होंने कहा कि इससे बच्चों और युवाओं को अपनी संस्कृति और संस्कारों से जुड़ने का मौका मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि यहां प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बस उन्हें और उभारने की जरूरत है। इस दौरान हैदराबाद कैंपस से कैंसर में पीएचडी कर डॉक्टर की उपाधि प्राप्त करने वाले तरुण पटेल को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मटका फोड़ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। युवा बाल समिति के सदस्यों की मांग पर नगर अध्यक्ष महेश यादव ने एक साउंड बॉक्स देने की भी घोषणा की।

- पटेल पारा में धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी



सामुदायिक एकता और संस्कृति का संदेश



पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल ने कहा कि इस मोहल्ले का सर्वांगीण विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने त्योहारों के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, अच्छे संस्कार और उन्हें नशे व धूम्रपान से दूर रखने के प्रयासों पर जोर दिया। पूर्व पार्षद भुखन पटेल, बजरंग दल प्रमुख पुरुषोत्तम दुबे और सभापति भारत यादव ने भी सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह मोहल्ला बहुत संगठित है और सभी त्योहार मिलकर मनाए जाते हैं। उन्होंने मोहल्ले की सुख-समृद्धि के लिए भगवान श्री कृष्ण और राधा की पूजा की। इस कार्यक्रम में सोमेश दुबे, शरद निर्मलकर, दुर्गेश पटेल, प्रीत पटेल, भूपेंद्र दुबे, समीर पटेल, कुणाल पटेल, योगेंद्र पटेल, नवीन पटेल, चंदन चक्रधारी, पूरन पटेल, जितेश पटेल, हरशु महाराज, कृष्णा पटेल, पिंटू पटेल, राधा पटेल, कचरा पटेल, शांति पटेल, कमल पटेल, बिंदु निर्मलकर, मोगरा पटेल सहित सैकड़ों की संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

## बेलर में धूमधाम से मनी जन्माष्टमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर



ग्राम बेलर में जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान गांव में भक्ति और उत्साह का माहौल रहा। बेलर के बजरंग चौक और शिव चौक में रामायण पाठ के साथ कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। वहीं, नर्मदेश्वर महादेव सेवा समिति ने दही हांडी मटकी फोड़, कुर्सी दौड़, मटका फोड़, बिंदी लगाना, जलेबी दौड़ और मोमबत्ती जलाना जैसे कई मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया। बच्चों ने कृष्ण और राधा की मनमोहक वेशभूषा में आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रवीण साहू, सौरभ साहू, जितेंद्र साहू, राहुल साहू, सजेश साहू, शुभम सिन्हा, शिवम सिन्हा, होमेश साहू, सत्यम गुप्ता, दीपक साहू, खेमचंद साहू, रेखराज साहू, मलेशु ध्रुव, खोमन साहू, विष्णु, मानसिंह, सत्यम, रमणीक डोमार, नारायण दुकालू, तेजराम, सेवक राम, मोहन साहू, संजय यादव, पारस यादव, वेदप्रकाश साहू, विवेक साहू, कैलाश साहू, रवि साहू, रूपसिंह ध्रुव, बालाराम ध्रुव, ओमप्रकाश यादव सहित कई लोगों का विशेष सहयोग रहा।

## कांदाडोंगर गोढ़ियारी में धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी का पर्व



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड के प्रमुख धार्मिक स्थल कांदाडोंगर गोढ़ियारी में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी भी शामिल हुए। उन्होंने विशेष पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंघल भी उपस्थित थीं।

## सिवनी में हुआ दो दिवसीय रामधुनि कार्यक्रम

**रसेला।** ग्राम सिवनी में जन्माष्टमी के पावन अवसर पर दो दिवसीय रामधुनि कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें पूरे गांव में धार्मिक और भक्तिमय माहौल छाया रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन-पूजन और रामचरितमानस पाठ के साथ हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भक्ति गीत और भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए, जिससे वातावरण आध्यात्मिक रंग में रंग गया। गांव के महिला-पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग सभी ने मिलकर /"राम नाम संकीर्तन/" गाया और प्रभु श्रीराम के जयकारे लगाए। दो दिनों तक गांव की गलियां भक्ति की धुन से गूंजती रहीं। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी ग्रामवासियों ने अपने काम-काज छोड़कर तन-मन-धन से सहयोग किया। विभिन्न स्थानों से आई रामधुनि टोलियों का ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया और सम्मानपूर्वक विदाई दी। कार्यक्रम





में प्रसाद वितरण के साथ-साथ भंडारे की भी व्यवस्था की गई थी। आयोजन समिति ने बताया कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम गांव में आपसी भाईचारा और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि वे आने वाली पीढ़ियों को अपनी संस्कृति और परंपरा से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं और भविष्य में भी इस तरह के आयोजन होते रहेंगे, ताकि नई पीढ़ी अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी रहे। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रमुख और हजारों की संख्या में श्रद्धालु व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सशिमं में स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा में स्वतंत्रता दिवस और श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 15 अगस्त को विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय संचालन समिति के व्यवस्थापक संतोषी यादव ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय गुप्ता ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने वीर शहीदों के बलिदान को याद किया और देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने पर जोर दिया। बच्चों ने देशभक्ति गीत, भाषण और कविताएं प्रस्तुत कीं, जिसके बाद सभी बच्चे कतारबद्ध होकर नगर भ्रमण के लिए निकल पड़े। इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त आचार्य टीकम मरकाम, हरीश शर्मा, सेवक निषाद, टोमन ठाकुर, होरीलाल साहू, राहुल सिन्हा, गणेशु निषाद, मनोज निर्मलकर, किरण वर्मा, ओम डहरिया, भारती यादव, मैंनाज बेगम, अल्का सिन्हा, कविता यदु, खुशबू साहू, टेकेश्वरी तारक, निधिका शाह, कुंती साहू, रेखा सोरी, दुर्गा बंजारे सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था। आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य संतोष वर्मा ने किया। 16 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व नगर के हृदय स्थल स्थित मानस मंदिर परिसर में धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने भी भाग लिया और अपनी प्रस्तुति के लिए पुरस्कार भी प्राप्त किया। विद्यालय संचालन समिति के व्यवस्थापक संतोषी यादव और अध्यक्ष विजय गुप्ता ने बच्चों को उनकी सफलता के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। यह कार्यक्रम पूरे नगर का होता है, जिसमें सभी विद्यालयों के बच्चे शामिल होते हैं। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, अभिभावक और दर्शक बड़ी संख्या में उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करते हैं।



### श्री कृष्ण जन्माष्टमी का उत्साह



16 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व नगर के हृदय स्थल स्थित मानस मंदिर परिसर में धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने भी भाग लिया और अपनी प्रस्तुति के लिए पुरस्कार भी प्राप्त किया। विद्यालय संचालन समिति के व्यवस्थापक संतोषी याद्व और अध्यक्ष विजय गुप्ता ने बच्चों को उनकी सफलता के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। यह कार्यक्रम पूरे नगर का होता है, जिसमें सभी विद्यालयों के बच्चे शामिल होते हैं। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, अभिभावक और दर्शक बड़ी संख्या में उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करते हैं।

## जन्माष्टमी पर निकाली गई झांकीमय शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

दुग्ध व्यवसायी कल्याण संघ नवा रायपुर अटल नगर के तत्वावधान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य शोभायात्रा से हुई, जिसमें श्री कृष्ण भगवान की झांकी निकाली गई और भक्तिमय माहौल में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। शोभायात्रा उपरांत ईष्टदेव भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर छप्पन भोग सहित अन्य प्रसाद अर्पित कर सभी ने सुख-समृद्धि की कामना की। उत्सव के मुख्य आकर्षणों में मटकी फोड़, दही लूट प्रतियोगिता एवं प्रसादी भंडारा विशेष रहा। इस आयोजन में नया रायपुर एवं आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत श्री कृष्ण राउत नाचा पार्टी सेमरा (चंपारण) एवं बजरंग अखाड़ा दल गुदगुदा (आरंग) द्वारा मनमोहक नृत्य व कला प्रदर्शन कर समां बांध दिया। कार्यक्रम में मुख्य




रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु, सरपंच नवागांव खपरी धर्मेंद्र पटेल,यादव ठेठवार समाज रायपुर राज अध्यक्ष संतोष यदु, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सुजीत घिदौड़े,युवा प्रकोष्ठ परमानंद यदु, जनपद सदस्य वीरेंद्र (गोलू) हिरवानी, उधो राम यदु,श्रीमती मंजू नेताम,नरेंद्र विश्वकर्मा, शोभा राम यदु, गजानंद यदु, अकाश यदु, महितोष यदु, तेजराम यदु, अशोक यदु, गोपाल यदु,प्रकाश यदु,लकेश्वर यदु,रुपेश यदु, दुर्गेश यदु, लोकनाथ यदु,शीतल यादव,रामखेलावन खेलन (भद्री), लोकेश यदु, बलवंत यदु, नागेश्वर यदु, संतोष यदु, राहुल यदु, जागेश्वर यदु, लुकेश्वर यदु, हरीश यदु, होरी लाल, तिलक यदु, नरेंद्र यदु, सुमित यदु, दिलीप यदु, बीरेंद्र यदु, शैलेंद्र यदु, कमल यदु, अकाश यदु, कमलेश यदु, नागेश यदु, मुकेश यदु, मुकेश पाल एवं समस्त दुग्ध संघ के सदस्यगण उपस्थित रहे।



### नवापारा-राजिम में जन्माष्टमी की रही धूम

**नवापारा-राजिम।** शिक्षक कॉलोनी में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर नवतरंग कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव समिति ने मटकी-फोड़ प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा और कृष्ण की वेशभूषा में सजे हुए थे। बच्चों ने देर रात तक कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। इस आयोजन को सफल बनाने में विवेक देवांगन, भावेश साहू, हर्ष साहू, अश्विनी गोलू साहू, मयंक साहू, प्रतीक सिंह राजपूत, देवेंद्र साहू, छोटू साहू, लक्की साहू, सुमित साहू, करण पटेल, खिलेश निषाद और यश देवांगन का विशेष योगदान रहा।




ब्लॉक मुख्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

## आदिवासी समाज की परंपराएं, संस्कृति और योगदान हमारी धरोहर : नीलकंठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

सर्व आदिवासी समाज एवं समस्त आदिवासी समाज छुरा के तत्वावधान में विश्व आदिवासी दिवस प्री. मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास परिसर छुरा में धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा आदिवासी समाज के ईष्टदेव बुढाद्रेव की छायाचित्र की पूजा-अर्चना से की गई।सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन सामाजिक जनों द्वारा पीला चावल और पीला गमछा से पागा बांधकर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीलकंठ सिंग ठाकुर छ.ग.सर्व आदिवासी समाज गरियाबंद जिला अध्यक्ष ने कहा कि आदिवासी समाज की परंपराएं,संस्कृति और योगदान हमारी धरोहर हैं, जिन्हें संरक्षित करना हम सभी की जिम्मेदारी है।उन्होंने समाज की एकजुटता और अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत रहने का संकल्प भी व्यक्त किया।कार्यक्रम के बीच-बीच में समाज के बालिकाओं द्वारा समाज पर आधारित एकल, सामूहिक, सुवा नृत्य, बस्तर आदिवासी नृत्य,सांस्कृतिक कार्यक्रम कर छटा बिखेरी और कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। छत्तर सिंग ठाकुर छ.ग.सर्व आदिवासी समाज गरियाबंद जिला संरक्षक ने कहा छुरा एक ऐसा विकासखण्ड है जहां आदिवासी समाज के लोग अपने त्यौहारो को पूरी परंपरा और रीति रिवाज के अनुसार मनाते है।

### आदिवासी नृत्य को देखने उमड़ पड़े नगर के लोग



ब्लांक स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर प्री मैट्रिक परिसर के सामने 11 बजे से शाम 6 बजे तक हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग जहां शामिल हुए वही आदिवासी युवक युवतिया पारंपारिक वेशभुषा के साथ काफी मनमोहक पारंपारिक नृत्य करते आदिवासी परंपरा एवं नृत्य को देखने भारी भीड़ लग गई नगर में चारों तरफ एक ही नारे गूंज रहे थे एक तीर एक कमान सभी आदिवासी एक समान।इस दौरान डीजे की धून में भी जमकर थिरके। छतरसिंह ठाकुर संरक्षक,नीलकंठ सिंग ठाकुर जिला अध्यक्ष, भूवन ठाकुर,उमेंद्र सोरी, कुलेश्वर दाऊ, शिव ठाकुर, शीतल ध्रुव सचिव, पुनिताराम ठाकुर मीडिया प्रभारी, कुलेश्वर मरकाम,जी एल.कुंम्भकार, नरसिंगसोम, भोगेन्द्र ठाकुर, पवन ध्रुव, संतोष सोरी, गोकुल ध्रुव, पुरानिक नागेश, आकाश ठाकुर,श्रावण ध्रुव, त्रिलोक ध्रुव, तुलेश्वरी कंवर अधीक्षक, प्रेमवती ध्रुव अधीक्षक, रोहित नेताम अधीक्षक,सपना कंसारी अधीक्षक,परागा ध्रुव,यमुना ठाकुर,भगवती दीवान, गुंजा ठाकुर,लक्ष्मी ठाकुर,महिमा ध्रुव,चांदनी ठाकुर बालेश्वरी ठाकुर,पानसिंह नेताम सहित आदिवासी समाज एवं नगर लोग उपस्थित थे।

